# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

### मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 21 अगस्त, 2015 /30 श्रावण, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 39**

----

### पाठशालाओं में व्यावसायिक कोर्स

***2168 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जिला मंडी में कितने स्कूलों में व्यावसायिक कोर्स (Vocational Course) आरम्भ किए गए हैं; ब्यौरा प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र का वर्षवार दें?

----

### राशन के सैम्पल

***2169 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1-4-2015 से 31-7-2015 तक प्रदेश में सरकारी डिपो पर मिलने वाले राशन के कितने सैम्पल लिए गए; कितने सैम्पल फेल हुए; ब्यौरा फेल होने का कारण सहित दें; और

(ख) सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई ?

----

## रोज़गार कार्यालय

***2170 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने रोज़गार कार्यालय हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कोई रोज़गार कार्यालय है; यदि है, तो ब्यौरा अधिकारियों के नाम सहित दें; और

(ग) प्रत्येक माह की किन-किन तिथियों को रोज़गार कार्यालय खुला रहता है ?

----

## Cattle Feed Plant Sulgwan

***2171 Sh. Ishwar Dass Dhiman (Bhoranj):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-
a) when was production started in cattle feed plant Sulgwan (Bhoranj) District Hamirpur;

b) what is its capacity of production per-day; and

c) whether this plant is running in profit; if so, by when the Government is proposing to add fodder unit to this plant?

----

## Procurement of Medical Oxygen

***2172 Sh. Bikram Singh (Jaswan-Paragpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-
(a) what is the procedure for the procurement of Medical Oxygen by IGMC Shimla, Dr. RPMC Tanda and other Government Hospitals in the State;

(b) whether it is true that tender for the supplies of Medical Oxygen is being awarded to one particular firm for the last many years;

(c) whether it is also true that in the past and at present also Medical Oxygen is being procured at higher rates than fixed by the National Pharmaceutical Pricing Authority, Ministry of Chemicals & Fertilizers; and

(d) if so, has the Government made any efforts to recover the over payment?

----

## ए0 टी0 एम0 लूट के मामले

***2173 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01-01-2013 से 31-07-2015 तक प्रदेश में कितने बैंकों के ए0टी0एम0 कहां-कहां लूटे गए;

(ख) इन ए0टी0एम0 से कितनी-कितनी राशि लूटी गई; ब्यौरा दें; और

(ग) इस लूट में संलिप्त कितने दोषी पकड़े गए और उनसे कितनी राशि वसूली गई; ब्यौरा उनके नाम/पते सहित दें?

----

## AIIMS की स्थापना

***2174 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि इस वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा प्रदेश को AIIMS स्वीकृत किया है; यदि हां, तो जमीन का हस्तांतरण एवं अन्य औपचारिकताएं जो प्रदेश सरकार को करनी है; क्या वह की जा चुकी हैं; रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इस संस्थान के खोलने पर कितनी राशि खर्च होगी; और

(ग) किन-किन प्रदेशों को इस संस्थान का स्वास्थ्य लाभ होगा?

----

## खेलों को बढ़ावा

***2175 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत दो वर्षों में सरकार की ओर से प्रदेश में पंचायत/गांव स्तर पर विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए धनराशि पंचायतों को स्वीकृत/आबंटित की गई है; और

(ख) यदि हां, तो प्रति पंचायत कितनी-कितनी धनराशि दी गई और इस राशि से खेलों का क्या-क्या सामान किसके माध्यम से क्रय करना था; ब्यौरा दें ?

----

## पाइपें उपलब्ध करवाना

***2176 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मंडलों में अलग-अलग डाया की पाइपों के अभाव में निर्माण कार्य ठप्प पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो कौन-कौन से मंडल हैं जिन्होंने सम्बन्धित सक्षम अधिकारी से पाइपें उपलब्ध करने हेतु पत्राचार किया है; परन्तु पाइपें उपलब्ध नहीं करवाई गई; ब्यौरा दें; और

(ग) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंडल शमशी तथा अन्य मण्डलों को कब तक पाइपें उपलब्ध करवा दी जाएंगी?

----

## चूना पत्थर की खानें

***2177 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला सिरमौर में चूना पत्थर की कितनी खानें चल रही हैं ;

(ख) यह सत्य है कि N.G.T. के आदेश से चूना पत्थर की खानें बंद हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इनको चलाने की अनुमति दे रही है ; और

(घ) यदि नहीं, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

***2178 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि State Quality Monitoring की जांच में PMGSY के अन्तर्गत बनी 118 सड़कों का काम घटिया पाया गया और इसके अतिरिक्त 507 सड़कें भी गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी;

(ख) यदि हां, तो विभाग ने उन ठेकेदारों के विरूद्ध जिन्होंने इनका निर्माण किया है क्या कार्रवाई की; और

(ग) जिन अधिकारियों ने इन सड़कों को पास किया, उन पर क्या कार्रवाई की गई व इस घटिया निर्माण से सरकारी खजाने को जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई कैसे की जायेगी; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का भुगतान

***2179 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2013 व 2014 में सरकार मण्डी मध्यस्थता योजना (M.I.S.) के अन्तर्गत खरीदे गए सेब की राशि की अदायगी लम्बित पड़ी है; यदि हां, तो बकाया राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) वर्तमान सेब सीज़न में बागवानी विभाग द्वारा कुल कितने फल एकत्रित केन्द्र अधिसूचित किए गए हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; इनमें से कितने फल एकत्रित केन्द्र चालू किए गए और कितने केन्द्र चालू करने शेष हैं; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## देय राशि का भुगतान

***2180 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड की प्रदेश स्थित विद्युत परियोजनाओं व अन्य परिसम्पत्तियों की देनदारियों के हिस्से को प्रदेश को देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्णय दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो वह निर्णय क्या है और उस निर्णय अनुरूप क्या पंजाब सरकार द्वारा देय राशि का भुगतान प्रदेश सरकार को कर दिया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो मामले की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## Civil Hospital Nurpur

***2181 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that recently Rs. 30 Lakhs were announced & sanctioned for the repair of roof and flooring of Civil Hospital Nurpur; and

(b) if yes, what is its latest position of the repair work?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत अदायगी

***2182 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर में MNREGA की अदायगी लम्बे समय से नहीं हो रही है;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक कितने ऐसे मजदूर हैं जिनको MNREGA की अदायगी (payment) नहीं की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा इन मजदूरों को कब तक अदायगी कर दी जायेगी ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2183 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2015 तक लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल नादौन व धनेटा में कितनी सड़कों की डी0पी0आर0 बनाई गई; ब्यौरा सड़कों के नाम व अनुमानित लागत सहित दें; और

(ख) नादौन विधान सभा चुनाव क्षेत्र में वर्ष 2013-14, 2014-15 व 2015-16 के दौरान विधायक प्राथमिकता में कौन-कौन सी सड़कें डाली गई और उनमें से कितनी की डी0पी0आर0 बना दी गई है; ब्यौरा सड़कों के नाम व अनुमानित लागत सहित दें?

----

## Filling-up of Vacant Posts

***2184 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many Health Institutions are there in Chamba District;

(b) how many posts of doctors and all other categories are sanctioned; and

(c) how many posts are lying vacant ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

*2185 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में सिराज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितने स्वास्थ्य संस्थान हैं; और

(ख) इन स्वास्थ्य संस्थानों में कुल कितने पद सृजित हैं; कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## हैंडपम्पों की स्थापना

*2186 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रति वर्ष हैण्डपम्प लगाने के लिए विधायकों का quota निश्चित है; और

(ख) यदि नहीं, तो विधायकों के चुनाव क्षेत्र में हैण्डपम्प लगाने के क्या मापदण्ड हैं ?

----

## मास्टर प्लान

*2187 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

सरकार द्वारा बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में नगर एवं ग्राम योजना विभाग द्वारा तैयार मास्टर प्लान कब तक लागू कर दिया जाएगा?

----

## अवैध खनन

*2188 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भुन्तर एयरपोर्ट अवैध खनन और व्यास नदी में पानी बढ़ने के कारण खतरे में है; यदि हां, तो इसकी रोकथाम के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

*2189 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत 250 आबादी वाले कितने गांवों को PMGSY में डाला गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) कितने गांव ऐसे हैं जिनमें विभाग ने कार्य करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और उनकी अद्यतन स्थिति क्या है; विवरण दें ?

----

## पेयजल योजनाओं का सुधार

*2190 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क)नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की नैहर-स्वार ग्रैविटी पेयजल व खैरी उठाऊ पेयजल योजनाओं में सुधार के लिए कितनी-कितनी धनराशि व्यय हेतु प्रस्तावित है; और

(ख)यह धनराशि किस मद से प्राप्त होगी तथा इन योजनाओं में क्या-क्या कार्य किया जा रहा है व कितनी अवधि में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## ग्राम रोज़गार सेवक

*2191 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने ग्राम रोज़गार सेवक हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ; और

(ख) सरकार क्या इनको नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## शिलान्यास/उद्घाटन

*2192 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31.12.2012 से 31.7.2015 की अवधि में जिला हमीरपुर में कितने शिलान्यास और उद्घाटन हुए; ब्यौरा राशि, तिथि व स्थान सहित विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार व विभागवार दें?

----

## स्क्रब टाइफस के मामले

***2193 श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष के भीतर 31.7.2015 तक प्रदेश में स्क्रब टाइफस बीमारी के कितने मामले विभिन्न अस्पतालों में आए; ब्यौरा जिलावार दें ;

(ख) इस रोग का पता लगाने हेतु परीक्षण की सुविधा प्रदेश के किस-किस अस्पताल में है; और

(ग) सरकार प्रदेश के जिला स्तरीय सभी अस्पतालों में इस रोग की पहचान हेतु परीक्षण व इसके उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2194 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कुल कितने राष्ट्रीय उच्च मार्ग अधिसूचित है उनकी अधिसूचना की प्रतियां सभा पटल पर रखें;

(ख) प्रथम जनवरी, 2013 से आज तक कितनी-कितनी राशि विभिन्न राष्ट्रीय उच्च मार्गों के निर्माण व रख- रखाव के लिए केन्द्र से प्राप्त हुई; प्रत्येक का ब्यौरा सभा पटल पर रखें; और

(ग) कीरतपुर-मण्डी-मण्डी- कुल्लू- मनाली Four- Laning कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; विवरण दें ?

----

## नागछतरी की तस्करी

***2195 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 26 जून, 2015 को वन विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा उत्तराला गांव, तहसील बैजनाथ के नजदीक नागछतरी जड़ी-बूटी को छापा मार कर पकड़ा था व इस को जब्त कर लिया था; और

(ख) यदि हां, तो जब्त की गई जड़ी-बूटी की क्या कीमत है व जो व्यक्ति इसे चोरी कर ले जा रहे थे; उनका ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## निजी पाठशालाओं में भर्ती

***2196 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में सरकारी पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या निरंतर घट रही है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## अवैध कब्जे

***2197 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन क्षेत्र में अवैध कब्जे हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो कितने तथा कितने मामलों में कार्रवाई की गई; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## सब-स्टेशनों को चालू करना

***2198 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 33 के0वी0 सब-स्टेशन कलखर और 132 के0वी सब-स्टेशन जाहू कब तक Commission कर दिये जाएंगे; ब्यौरा इनके Commission में देरी के कारणों सहित दें?

----

## उपायुक्त द्वारा राशि का आबंटन

***2199 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) MMGPY व SDP के अन्तर्गत मिलने वाली राशि को आबंटित करने के क्या-क्या मापदण्ड हैं;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 10 अगस्त, 2015 तक जिलाधीश शिमला को

विकेन्द्रीयकरण योजना (DCP 5%) के अन्तर्गत MMGPY व SDP में कितनी राशि प्राप्त हुई है; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) इस अवधि में जिलाधीश शिमला ने किस-किस की सिफारिश पर यह धनराशि आबंटित की है; योजनावार आबंटित धनराशि व सिफारिशकर्ता के नाम विधान सभा क्षेत्रवार दें?

----

## शिव मन्दिर बैजनाथ की मरम्मत

***2200 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भारी वर्षा के कारण शिव मन्दिर बैजनाथ के प्राचीन भवन को क्षति पहुंची है; और

(ख) यदि हां, तो प्रदेश सरकार ने इस मन्दिर की मरम्मत हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Upgradation of Schools

***2201 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the following schools have been upgraded recently in Nurpur Assembly Constituency:-

1. Govt. High School Charuri to Senior Secondary School;

2. Govt. High School Copra to Senior Secondary School;

3. Govt. Middle School Kamnala to High School;

4. Govt. Middle School Khajan to High School;

(b) whether the notification to this effect has been issued; and

(c) if yes, the copy of the notification be laid on the Table of the House?

----

## पाठशालाओं के शिलान्यास

***2202 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कितने स्कूलों के शिलान्यास किए गए;

(ख) यह किस-किस मन्त्री व अन्य नेता द्वारा कब-कब किए गए; और

(ग) इन स्कूलों के लिए कितने-कितने बजट का प्रावधान किया गया व किस शीर्ष के अन्तर्गत किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## Construction of Building

***2203 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) when was the work on building of Government Degree College Salooni started;

(b) what is the amount for which AA&ES for this work has been accorded;

(c) how much expenditure has been incurred on this work; details be given year-wise; and

(d) by when the work is likely to be completed ?

----

## रिक्तियां

***2204 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) सुजानपुर में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित हैं; और

(ख) इनमें से श्रेणीवार कितने पद खाली हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## भवन निर्माण

***2205 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वर्ष दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खोली गई आंगनबाड़ियां जिनके नाम भूमि स्थानान्तरित हो चुकी है के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान रखा गया है; ब्यौरा केन्द्रवार दें?

----

## शराब ठेका सरचु

***2206 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हाल ही में हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर सरचु में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रदेश की सीमा में शराब का ठेका सीज किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्रवाई की है; सूचना सभा पटल पर रखें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांकः 10 अगस्त ,2015.** **सचिव।**